हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 18 मई 2025


तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


11 दुर्गम क्षेत्र के 15 गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में गुजार रहे जिंदगी



12 ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शामिल हुए सैकड़ों






## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ औचक निरीक्षण पर पहुंचे स्वास्थ्य केंद्र



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक शुक्रवार को बस्तर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किलेपाल में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पीएचसी के लैब, टीकाकरण कक्ष और ओपीडी कक्ष के निरीक्षण उपरांत आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। इस अवसर पर उन्होंने एनीमिया से ग्रस्त गर्भवती माता के बारे में आवश्यक जांच और उपचार के बारे में उपस्थित सभी कर्मचारियों को बताया। बच्चों में होने वाली जेइ और चिकनपॉक्स से संबंधित बीमारियों की जानकारी ली और टीकाकरण के बारे में गंभीरता से ध्यान देने के लिए सभी उपस्थित कर्मचारियों को बताया। स्वास्थ्य विभाग जिले के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किलेपाल के आयुष चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ बैस, ग्रामीण चिकित्सा सहायक आभा शाही ने मरीजों को लाभ पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने की जानकारी दी।

### दंतेश्वरी कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के एसइसी यात्रा एवं पर्यटन की छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में तथा डॉ. आशीषधर दीवान एवं डॉ. हेमलता मिंज के द्वारा शहीद पार्क के पास अर्द्ध-शासकीय ट्रैवल एजेंसी अनएक्सप्लोर का प्रायोगिक विषय के अन्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष पाणीग्राही ने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए पर्यटन और उसके विभिन्न पहलुओं पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर, व्यावहारिक कौशल, टीम वर्क, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन में लोकल गाइड की भूमिका, युवाओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता, पर्यटन स्थलों पर आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले पाँच सालों में बस्तर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, बस्तर की संस्कृति, कला, खान-पान और प्रमुख पर्यटन केन्द्रों पर भी विस्तृत जानकारी दी।

# 3100 का धान 1950-2150 रुपए में हुआ नीलाम, 230 करोड़ का होगा नुकसान

## 5500 मीट्रिक टन धान बिक चुका, घाटा हुआ या नहीं कहना मुश्किलः डीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

बस्तर जिले के संग्रहण केंद्रों में डंप किए गए धान की नीलामी के बाद गुरूवार से धान का उठाव शुरू हो गया है। पहले चरण में मिलर्स ने तीन संग्रहण केंद्रों में रखे गए 47 स्टैक धान की नीलामी पूरी कर ली है। इसमें नियानार संग्रहण केंद्र से 2, छोटे देवड़ा से 40 और बिरिंगपाल संग्रहण केंद्र में रखे धान में से एक स्टेक धान नीलाम हो गया है।

सरकार ने किसानों से उनका धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल के दाम से खरीदा था। जबकि धान की नीलामी में मिलर्स ने इसी धान को खरीदने के लिए 1950-2150 रुपए प्रति क्विंटल के दाम से मिलर्स के द्वारा कम दर पर बोली लगाए जाने से सरकार को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। मिली जानकारी के मुताबिक इस समय बस्तर जिले के चार संग्रहण केंद्र में 20 लाख क्विंटल धान रखा गया है। समर्थन मूल्य के हिसाब से यह करीब 620 करोड़ रुपए का है। यदि मिलर्स इस धान को नीलामी वाले रेट पर खरीदी करेंगे तो यह धान 390 करोड़ रुपए का बिकेगा। जिसके चलते सरकार को करीब 230 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ेगा।

डीएमओ राजेंद्र कुमार ध्रुव ने बताया कि पहले चरण की नीलामी को लेकर कई दिनों से कोशिश की जा रही थी, जो अब सफल हो गई। जिले के बिरिंगपाल, नियानार और छोटे देवड़ा से 51600 क्विंटल की नीलामी पूरी हो गई है। इन तीनों संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव बस्तर जिले के महावीर पैडी और नारायण राइस मिलर्स के साथ ही ओडिशा के मिलर्स शामिल हैं। उम्मीद है कि यह धान 15 दिनों के अंदर पूरा धान उठ जाएगा, इसके बाद अन्य धान की नीलामी होगी।



### 5500 मीट्रिक टन नीलामी

बस्तर जिले में कुल 1 लाख 80 हजार मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई है। जिसमे 5500 मीट्रिक टन धान नीलामी में बेचा जा चुका है। इसमें घाटा हुआ है,या नही यह कहना उचित नही है। शासन के निर्णय के अनुसार 1950-2150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से नीलामी की गई है।

-आर ध्रुव, डीएमओ

# तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लापरवाही संग्राहकों से नहीं लिया जा रहा पूरा पत्ता

**तेंदूपता का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों में निराशा व आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदी नही करने तथा वन विभाग द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में गुस्सा देखा जा रहा है। नक्सलियों को तेंदूपत्ता सीजन मे सबसे ज्यादा फंडिंग होता है। विष्णुदेव साय सरकार ने बस्तर में शासकीय खरीदी का निर्णय लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर तेंदूपत्ता संग्रहण को संपन्न कराने के निर्देश दिए है।

■ पड़ोसी राज्य ओडिशा जा रहा तेंदूपत्ता

हरिभूमि संवाददाता ने कोंटा ब्लॉक मुख्यालय से लगे ढोंडरा पंचायत के सरपंच मड़कम कृष्णा जिला पंचायत सदस्य सोयम एवं ग्रामीणों से तेंदूपत्ता संग्रहण से संबंधित जानकारी ली। सोयम भीमा ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन के तहत शासन द्वारा दिए गए टारगेट को पुरा कर वन विभाग संग्रहण बंद कर दिया है। जो टारगेट रखी गई थी वह संग्राहकों द्वारा संग्रहित करने वाली आंकडों से कम है जबकि प्रति वर्ष संग्राहकों द्वारा शासकीय आंकड़ो से तीन गुना अधिक संग्रहीत कर संग्राहक बेचते है। वन मंत्री केदार कश्यप ने संग्राहकों से टारगेट बढ़ा कर संग्रहण करने के आदेश दिए है।



एक ओर विभाग कई स्थानों में संग्रहण कार्य चालू ही नहीं करा पाई और जहां संग्राहकों से फड़ खोल पत्ता खरीदी की गई और फड़ बंद कर दिया गया। उन क्षेत्रों से संग्राहक अपना पत्ता तोड़ नगदी राशि मिलने के एवज में पड़ोसी राज्य ओड़िसा शबरी नदी पार कर ले जा कर बेच रहे है। उन पर केस दर्ज की जा रही है। जबकि ⏭ शेष पेज 10 पर

### कई स्थानों में खुले नहीं फड़

संग्रहण कार्य के पूर्व कराई जानी वाली बूटा कटिंग कार्य में दिखी लापरवाही के चलते कोंटा विकासखंड के अनेक स्थानों में बूटा कटिंग कार्य ही नहीं कराए जाने की जानकारी मिली है। किस्टाराम पंचायत के अनेक गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जिरो है । वनांचल क्षेत्र पोटकपल्ली में रहने वाली महिला संग्राहक सोड़ी पायके ने बताया कि गांव में बूटा कटिंग ही नही कराया गया तो हम पत्ता कहां से तोड़ते । वहीं पोटकपल्ली के एक ग्रामीण युवक राजेश कुमार वेट्टी ने कहा कि समय पर बूटा कटिंग तथा कार्यशाला नही होने के कारण हमारे इस समिति में अनेक गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण नही हो रहा है। बीते वर्ष साढ़े तीन लाख तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया था। बीते तीन सालों से मै ही फंडमुंशी का कार्य कर रहा हूं।

# सूखती की भरपाई की मांग को लेकर धान खरीदी समिति का धरना-प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सूखती भरपाई की मांग को लेकर धान खरीदी समिति पिछले कई वर्षों से शासन-प्रशासन के समक्ष आवाज उठाता रहा है। हर वर्ष धान खरीदी के बाद उठाव में देरी होने से खुले आसमान में सोसाइटियों में पड़े धान सूखने की समस्या आती है। जिसकी भरपाई हर वर्ष धान खरीदी समितियों से की जाती है। इस वर्ष भी धान खरीदी के 6 माह हो चुके अभी कुछ लेम्प्स सोसायटियों में खुले आसमान के नीचे धान जाम है।

■ धान उठाव में हर वर्ष देरी पर समिति प्रशासन के समक्ष उठाती है मांग

शासन द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी बंद हुए 6 महीने बाद भी धान खरीदी केंद्रों से धान का समय पर उठाव नहीं होने से धान सूखत से धान की कमी को लेकर मार्कफेड और समिति प्रबंधक आमने-सामने आ गए हैं। मार्कफेड सूखत की भरपाई समितियों से कराने की तैयारी में है। वहीं धान खरीदी करने वाले समिति प्रबंधक इसे सूखत का-मामला बता रहे हैं। इस बीच प्रबंधकों के महासंघ ने रायपुर में एक बैठक कर मुख्यमंत्री के नाम एक मांगपत्र सौंपते हुए 19 मई को धरना प्रदर्शन करने का ऐलान ⏭ शेष पेज 10 पर

### 2 हजार क्विंटल धान का नही हुआ उठाव

समिति प्रबंधकों के अनुसार कस्टम मिलिंग के तहत इस साल धान का उठाव करने के लिए 40 मिलर्स ने पंजीयन कराया था। मार्कफेड द्वारा मिलर्स को बस्तर जिले में 79 केंद्रों से धान का उठाव किया गया। धान का उठाव होनें के तीन महीने बाद भी जिले के धान खरीदी केंन्द्रो में 2 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हुआ है। केंद्रों से धान का उठाव हो इसके लिए मार्कफेड के द्वारा कोई विशेष प्रयास भी नहीं किया जा रहा है।

# तिरंगा यात्रा में दिखा आक्रोश लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर शनिवार की शाम पांच बजे शहीद स्मारक से तिंरगा यात्रा निकली। आंतकवादियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ लोगों में आक्रोश दिखा।

तिरंगा लेकर चल रहे लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये वही हिन्दुस्तान जिंदाबाद ओर भारत अमर रहे जैसे नारे लगाकर देशभक्ति और जोश दिखाया। महापौर संजय पाण्डे के आव्हान पर यह तिंरगा यात्रा निकाली गई जिसमें महिला, युवा और व्यापारियों ने भी कई किलोमीटर पैदल चलकर प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा में जोशीले नारे लगाते रहे। सिरासार होते हुए तिरंगा यात्रा मेन रोड, सर्किट हाउस, चांदनी चौक, महारानी अपस्ताल चौक ,संजय बाजार होते हुए सिरासार पहुंची।

■ यात्रा में महिला, युवा और व्यापारी भी हुए शामिल

**ये रहे मौजूद :** तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या मे ⏭ शेष पेज 10 पर

# शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू के अफसरों ने 7 जगह पर की छापेमार कार्रवाई

**जगदलपुर।** कोंटा विधायक कवासी लखमा के आबकारी मंत्री रहते हुए बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने बस्तर में 7 जगह पर छापेमार कार्रवाई की। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर,सुकमा और दंतेवाड़ा एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने दबिश दी। ये सभी लोग कवासी लखमा के करीबी बताए जा रहे हैं।

■ जगदलपुर, तोंगपाल, सुकमा व दंतेवाड़ा जांच पड़ताल जारी

जगदलपुर में कंप्यूटर व्यवसायी प्रेम मिगलानी, सुकमा के हार्डवेयर व्यवसायी अनीश बोथरा तथा लखमा के ड्राईवर रहे बशीर दंतेवाड़ा के कांग्रेस नेता राजकुमार तामो के ठिकानों पर दविश दी गई। सुबह 6 बजे 5 सदस्य टीम ने धरमपुरा स्थित हाउसिंग बोर्ड के आवास में ⏭ शेष पेज 10 पर

## बम विस्फोट में शहीद वीर जवानों और ग्रामीणों को दी श्रद्धांजलि

# बस्तरवासियों की पहुंच अब दिल्ली तक, कोई यह न समझे कि वे कुछ नहीं कर सकते : शर्मा

**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप आज सुकमा जिले के चिंगावरम पहुंचे। उनके साथ बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव तथा महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी भी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ चिंगावरम में 17 मई 2010 को नक्सलियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में शहीद हुए वीर जवानों और ग्रामीणों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। शहीदों के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर बस दुर्घटना से प्रभावित परिवारों और ग्रामीणों ने भी वीर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा ने सभी शोक संतृप्त परिवारों से सीधा संवाद किया, उनका हालचाल जाना और पूर्व की घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।



उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि ये नक्सली कौन हैं, जो यात्री बस को उड़ा रहे हैं और सरकार कौन है जो पीड़ित परिवारों को सहायता पहुंचा रही है। ये नक्सली कैसे बोलते हैं कि यह अधिकार की लड़ाई है, बस गांव जा रही है और उसको उड़ा दिया, ये नहीं सोचा कि उसमें छोटे बच्चे होंगे, गर्भवती माताएं होंगी, किसी के परिवार में कितना बड़ा दुख टूट पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि बस्तरवासियों की पहुंच अब दिल्ली तक है और कोई यह न समझे कि वे कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे भ्रमित न हों और यह न माने कि कोई उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं आदिवासी समाज से हैं और पूरे प्रदेश का नेतृत्व कर रहे हैं। “हमें गांव-गांव, घर-घर जाकर सबको समझाना होगा कि यह बस्तर, यह जंगल, यह ज़मीन आपकी है, लेकिन इसके नाम पर कोई आपको मार नहीं सकता। जितनों ने आपके परिवारजनों को मारा है, उन्हें सजा दी जा रही है।

**मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म :** गृहमंत्री ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2026 तक देश से सशस्त्र माओवाद पूर्णतः समाप्त कर दिया जाएगा ⏭ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### तोड़ासी में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**धनोरा।** जिला कोण्डागांव के अंतर्गत उप तहसील धनोरा के आश्रित ग्राम पंचायत तोड़ासी में पांच ग्राम पंचायत क्षेत्रों को मिला कर एक उप प्रखंड के रूप में जन समस्या शिविर शासन के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, केशकाल जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी पोटाई, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनोरा संतोष कुमार सिन्हा, केशकाल मंडल महामंत्री श्रीरामयदु, वरिष्ठ कार्यकता रमेश यादव, क्षेत्र जिला जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग जी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चिंगावरम हमले को 15 साल: शहीदों को सिरहासार चौक में श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** पंद्रह साल पहले आज ही के दिन 17 मई 2010 को सुकमा जिले के चिंगावरम में नक्सलियों ने यात्री बस को बम से उड़ाते हुए 15 निर्दोष यात्रियों और 16 पुलिस जवानों की हत्या की थी। इस घटना से छत्तीसगढ़ के नागरिकों को गहरा आघात पहुंचा था,जो आज भी छत्तीसगढ़ की जनता को याद है कि कैसे नक्सलवादियों ने मासूम बच्चों सहित आदिवासी ग्रामीणों व पुलिस जवानों की निर्मम हत्या कर दी थी। चिंगावरम में उन सभी शहीदों को याद करते हुए आज शहीद स्मारक सिरहासार चौक में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

**दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि :** वक्ताओ ने नक्सलियो की करतुत को कायराना बताते कहा कि निर्दोश ग्रामीणों और सुरक्षा जवानो की हत्या करना सबसे बड़ा पाप है। ऐसे गलत कार्य के कारण ही नक्सलियों की बेमौत जान जा रही है। दो मिनट का मौन रखकर मारे गये ग्रामीणों ओर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान विधायक विनायक गोयल ,महापौर संजय पाण्डे, वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, श्रीनिवास मिश्रा, विद्याशरण तिवारी, श्रीधर ओझा, धर्मचंद शर्मा, अविनाश श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप, बिजुली वैद्य, समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा तथा नागरिक मौजूद थे।

### डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर ही गिरा छज्जा

**धमतरी।** ड्रील मशीन से डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर छज्जा ही गिर गया। आसपास के लोगों की मदद से मजदूर को किसी तरह छज्जा के नीचे से बाहर निकाला गया। घटना में मजदूर को चोट आई है।

---

### विधायक, कलेक्टर व एसपी कोंडागांव ने की शिरकत

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कोंडागांव में निकाली गई तिरंगा यात्रा, पूर्व सैनिकों का हुआ गरिमामय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत पलारी, जिला कोंडागाँव में आज भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय, ऑपरेशन सिंदुर की स्मृति में तिरंगा यात्र का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जन–जन तक पहुँचाना तथा वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान करना रहा।

इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव को विशिष्ट आमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र–छात्राएं, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित हुए।

**मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति** – कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायिका सुश्री लता उसेंडी उनके साथ कोंडागाँव जिले की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना तथा पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार मंच पर उपस्थित रहे। तीनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**तिरंगा यात्र में उमड़ा जनसैलाब** - दीप प्रज्वलन के पश्चात देशभक्ति के नारों के साथ एक विशाल तिरंगा यात्र निकाली गई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लिया। लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरं और जय हिन्द के नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्र ग्राम पंचायत पलारी के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और हर स्थान पर लोगों ने सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया।

**पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान** -तिरंगा यात्र के समापन के बाद आयोजित सम्मान समारोह में मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बस्तर संभाग प्रभारी एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर धुर्व और सदस्य सोमलाल पोयाम को शॉल और श्रीफल भेंट कर गरिमामय सम्मान प्रदान किया गया।






### मुख्य अतिथियों के हुए उद्बोधन

मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय सेना का योगदान अतुलनीय है। देश की रक्षा में उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज की तिरंगा यात्र नई पीढ़ी को देशप्रेम और अनुशासन का संदेश देती है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि, सैनिकों के सम्मान से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता। हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र के लोग भी देशसेवा के इस गौरवशाली मार्ग पर चल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने युवाओं से देशभक्ति और अनुशासन अपनाने का आह्वान किया।

### समापन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

समारोह के अंत में देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल एक विजय गाथा को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना, बल्कि नई पीढ़ी को सेना के शौर्य से परिचित कराने और देश के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराने वाला प्रेरणादायक क्षण भी सिद्ध हुआ।

---

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**फरसगांव।** नगर वासियों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल कर तीनों सेनाओं के पराक्रम और शौर्य पर गर्व किया। लोगों ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर वहां आतंकवादी कैंपों को ध्वस्त कर भारत का लोहा दुनिया में मनाया है। कहा कि जब भी किसी ने भारत की तरफ आंख उठाकर देखा है, तो सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

17 मई शनिवार को नगर पंचायत के आह्वान पर नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदो, नगरवासियो, निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवा व अन्य संगठनों ने तिरंगा यात्रा निकाली जो नगर पंचायत परिसर से होकर बस स्टेण्ड, गांधी चौक होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय पहुंचा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने यात्रा का शुभारंभ




किया। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेनाओं के वीरता और पराक्रम के जमकर नारे लगाए।

**मजबूत नेतृत्व में मिली सेनाओं को खुली छूट: नपं अध्यक्ष :** नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व ने सेनाओं को खुली छूट दे रखी है। कहा कि भारत सेना ने पाकिस्तान के घर में घुस कर पहलगाम आतंकवादी घटना का बदला लिया है। कहा कि पाकिस्तान ने जब भी इस तरह की कायराना हरकत करने की कोशिश की है, उसे मुंह की खानी पड़ी है।वहीं वरिष्ठ नागरिक प्रवीर सिंह बदेशा ने कहा कि तीनों सेनाओ के शौर्य और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। कहा कि सरकार देश की सीमाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, नायब तहसीलदार निधि नेताम, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद राजकुमारी नेताम, संगीता राव, रीता गौतम, विनोद पांडे, जनक नेताम, भागेश्वर नेताम, सुकालू मरकाम, प्रवीर सिंह बदेशा, दिपेन्द्र मसीह, प्रवीण राव, गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, मुकेश कुमार पांडे, संदीप साहू, राजेश साहू, भूतपूर्व सैनिक रिकेश कुंवर, अवनेश दादौरिया, अब्दुल लतीफ मेमन, सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

---

## माकड़ी में मां तापेश्वरी मंदिर का भव्य उद्घाटन, विधायक लता उसेंडी ने की देवगुड़ी निर्माण की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

ग्राम पंचायत माकड़ी में शुक्रवार दोपहर 12 बजे नव निर्मित मां तापेश्वरी मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

विधायक लता उसेंडी ने विधिविधान से पूजा–अर्चना कर फीता काटते हुए मंदिर का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों में गहरी आस्था और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

> ■ ग्रामीणों में है गहरी आस्था और उल्लास का वातावरण

**देवगुड़ी निर्माण के लिए 5 लाख रू की स्वीकृत करने की घोषणा :** समारोह के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने मंदिर परिसर में देवगुड़ी निर्माण के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उपस्थित जनसमुदाय ने मंदिर निर्माण और देवगुड़ी के लिए समर्थन के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को बल देता है, बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम दई नाग, जनपद सदस्य विमला बघेल, सरपंच गेंदवती, उप सरपंच हेमंत मौर्य, पूर्व सरपंच कचडू राम मौर्य समेत अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त झीरु राम मौर्य, दयाशंकर दिवान, हितेंद्र झां, धनजु मरकाम, जियेन्द्र सुराना, लुभा सिंह नाग, प्रेमसिंह नाग, झुमुकु लाल नाग, कवलु राम, आयतु बघेल, गेन्दू राठौर, सोनसाय मौर्य, सुखमन मौर्य, बुधरु मौर्य, मीठू राम कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

## आम जनता को सेवा देने 10 नई सुविधाएं की पहल : चौधरी

**जगदलपुर।** रजिस्ट्री में 10 क्रांतियों के लिए कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में वित्त,वाणिज्यकर (पंजीयन) मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार लोगों के जीवन में बदलाव के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, इसी प्रक्रिया में पंजीयन विभाग में आम जनता की सुविधा, सेवा हेतु 10 नई सुविधाएं की पहल की है।

रजिस्ट्री एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो आम जनता की आवास या जमीन की आवश्यक दस्तावेजों के लिए जरूरी है। पंजीयन विभाग में सुविधाओं हेतु तकनीक का उपयोग कर व्यक्तियों को कार्यालय से सुखद अनुभव के साथ वापस जाए। नवीन सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार




कार्ड से जोड़ने की पहल किया जा रहा है। सरकार सुगम ऐप का संचालन कर आमजनों को जमीन की खरीदी बिक्री की सुविधा दे रही, साथ ही विक्रय वाले स्थल में पेड़ों पर पंजीयन शुल्क का जीरो किया गया है। सभी राजस्व रिकॉर्ड को डिजिटाइजेशन करने की प्रक्रिया किया जा रहा है। पंजीयन के लिए पुराने नियमों को परिवर्तित किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 नई सुविधा के सफल क्रियान्वयन में तहसीलदार, राजस्व विभाग की और पंजीयन विभाग की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा सभी पंजीयन कार्यालय को कार्पोरेट सेक्टर वाली सुविधाएं देने की पहल की जा रही है। साथ ही विभागीय सेटअप को भी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने नए प्रावधानों के संबंध में चर्चा किए।

**कार्यशाला में 10 नए सुधारों पर दी गई जानकारी :** कार्यशाला में पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर के मास्टर ट्रेनर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बिल्डर्स - कॉलोनाइजर्स, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान भी किया। इसके साथ ही उप पंजीयक सत्या कश्यप ने नए नियमों की विस्तृत जानकारी भी दी ।

### समय सीमा खत्म लेकिन पूरा नहीं हो सका कस्तूरबा स्कूल भवन का निर्माण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कोलेंग में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफटी से लगभग एक करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से कस्तूरबा हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य हाऊसिंग बोर्ड की ओर किया जा रहा है। हॉल ही में बोर्ड के अपर आयुक्त ने इस स्कूल के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया, उनके साथ एसडीओ केयुर वैद्य भी शामिल रहे। निरीक्षण में पाया कि समय सीमा समाप्त हो गई फिर भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका, निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य बंद पाया गया। इस पर अपर आयुक्त ने ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि स्कूल भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2023 से शुरू किया और उसकी समय सीमा 12 महीना यानि वर्ष 2024 में पूर्ण होना था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते कार्य पूरा नहीं सका। साथ ही अधिकारी ने पंडरीपानी कॉलोनी निवासियों एवं ठेकेदारों की समस्याओं के निराकरण के लिए साईट निरीक्षण किया। प्रक्षेत्र जगदलपुर अंतर्गत समस्त कार्यो का ठेकेदारों एवं इंजीनियरों के साथ जगदलपुर कार्यालय में समीक्षा बैठक की तथा कार्य शीघ्र पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए गए।

---

## पेज 9 के शेष

### तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य...

तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने घोषणापत्र में पंद्रह दिनों तक संग्रहण करने का वादा किया था। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि संग्राहक अपना मुर्गा,बकरा बेचकर बुटा कटिंग कराकर तेंदूपत्ता संग्रहित करते है। गरीब आदिवासियों को मिलने वाला मुनाफा से वंचित किया जा रहा है।

**जहां पहुंचे थे अमित शाह, वहां नही मिला लाभ :** पोटकपल्ली गांव में तेंदूपत्ता खरीदी शून्य है। यहां ग्रामीणों ने बताया कि बूटा कटाई तक नही कराया गया। वन विभाग इस साल तेंदूपत्ता सीजन में गांव पहुंचकर गरीब आदिवासियों को तेंदूपता का लाभ पहुंचाने कोई प्रयास नही किया। यह गांव तब चर्चा में आया था जब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पोटकपल्ली पहुंचे थे ग्रामीणों से उन्होनें सीधी बात की थी ऐसे गांव में तेंदूपता का लाभ नही मिलने से ग्रामीणों में गुस्सा और निराशा देखी गई।

### सूखती की भरपाई की...

किया है। संघ का कहना है कि जिन केंद्रों से समय पर परिवहन किया गया, वहां सूखत की समस्या नहीं है। लेकिन कई समितियों में धान खरीदी के 5-6 माह बाद भी धान खुले आसमान की नीचे पड़ा रहा, जिसके कारण सुखती हुई है, इसकी जिम्मेदारी समिति की नहीं है।

**तेज धूप के कारण सैकड़ों क्विंटल धान की कमी :** वहीं तेज धूप से धान सूखने से सैकड़ो क्विंटल धान की कमी बतायी जा रही है। हालांकि अब तक समितियों का मिलान पूरा नहीं हुआ है। धान के सूखने से नुकसान को लेकर धान खरीदी प्रभारियों को डर सता रहा है। वहीं मार्कफेड समिति प्रबंधको से वसूली की तैयारी कर रही है। इसे लकेर समिति प्रबंधकों द्वारा 19 मई को धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है।

**एक दिवसीय धरना प्रदर्शन**

लेम्पस सोसाइटियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद महीनों धान का उठाव नही किया जाता। समय पर उठाव नही होने और भीषण गर्मी में धान सूखत की समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसकी भरपाई समिति से की जाती है। इसके विरोध में प्रदेश महासंघ के आव्हान पर 19 मई सोमवर को एक दिवशीय धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

उत्तम सेठिया , -जिला अध्यक्ष सहकारी समिति

### तिरंगा यात्रा में दिखा...

पुलिस के जवान, महिला पुलिस, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, खेमसिंह देवांगन, वेदप्रकाश पाण्डे, विद्याशरण तिवारी, शशि रथ, राजेन्द्र वाजपेयी, अविनाश श्रीवास्तव, संगा्रम सिंह राणा, प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, श्रीधर ओझा , धर्मचन्द्र शर्मा, बिजली वेदय, सुरेश दलाई, अविनाश जैन, अनुप जैन, राजेश झा सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### शराब घोटाला मामले...

दबिश दी और 11 बजे दस्तावेज लेकर रवाना हुए। छापा की कार्रवाई में कितना नगद अथवा दस्तावेज जब्त किया गया इसका खुलासा नही किया गया है। दंतेवाड़ा के कांग्रेस नेता राजकुमार तामो के कुम्हाररास स्थित आवास में भी जांच पड़ताल करते दस्तावेज जब्त किए जाने की जानकारी मिली है। बताया गया कि सुकमा में 4 जगह जांच की गई, जबकि जगदलपुर, तोंगपाल और दंतेवाड़ा में एक-एक जगह जांच टीम पहुंची।

### बस्तरवासियों की पहुंच...

और अगले एक साल के भीतर प्रदेश में शांति व्यवस्था स्थापित कर दी जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि कोई भटके हुए लोग उनके संपर्क में हों, तो उन्हें समझाकर समाज की मुख्यधारा में लाएं।

शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : वनमंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने बस्तर के विकास और इसे नक्सलमुक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी संकल्प है। हमारी सरकार चिंगावरम के एक-एक व्यक्ति के साथ है। वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है और यह क्षेत्र आने वाले एक वर्ष के भीतर नक्सलमुक्त होगा और विकास की ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। मैं हमारे अमर शहीदों को प्रणाम करता हूँ, जिनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

**शहीद परिवार को शॉल, श्रीफल से सम्मान :** कार्यक्रम के अंत में गृहमंत्री ने बस दुर्घटना में शहीद हुए वीर जवानों और ग्रामीणों के परिजनों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने चिंगावरम में शहीदों की स्मृति में एक सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की, जिसमें सभी बलिदानियों की तस्वीरों के साथ एक स्मारक भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने पंचायत में एक रंगमंच निर्माण, एक स्टॉप डेम की मरम्मत और पक्की सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

**चिंगावरम में निकली तिरंगा यात्रा :** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में आज चिंगावरम में एक भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। रैली में चिंगावरम और आसपास के ग्रामीणों ने भारी उत्साह और देशभक्ति के जोश के साथ भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोग तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ चल रहे थे।

---

### वंडर गर्ल जानवी कौशिक बनीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर

## बुनागांव प्राथमिक शाला का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत ग्राम बुनागाँव की जनपद प्राथमिक शाला ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 में शानदार उपलब्धि दर्ज करते हुए शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है। कुल 35 नामांकित विद्यार्थियों में से 19 ने ए.7 ने ए और 9 विद्यार्थियों ने बी ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमश गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल पहनाकर मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच छबी लाल नेताम द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बुनागाँव शाला अब जिले में एक प्रेरणा स्रोत बन चुकी है। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शाला में आयोजित कार्यक्रम



में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब द वंडर गर्ल जानवी कौशिक को मिला, वहीं वंडर बॉय कन्हैया नाग ने द्वितीय और 'द लिटिल स्टार' नेहल सोरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सभी बच्चों को एक यादगार फोटो गैलरी की भेंट

कक्षा पाँचवीं के बोर्ड परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षक सूरज नेताम ने सभी बच्चों को एक यादगार फोटो गैलरी भेंट की और अतिथियों के साथ मिलकर बच्चों व अभिभावकों को स्नेह भोज कराया। प्रधान अध्यापक ने बताया कि बीते दो वषोंर् में शाला ने न केवल शैक्षणिक बल्कि खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सहगामी गतिविधियों में भी शानदार प्रदर्शन किया है।



जिससे यह विद्यालय जिले में एक उत्कृष्ट शाला के रूप में उभरा है।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षिका मोनिका साहू, प्रदीप नाग, उपसरपंच लखेश्वर नेताम, पप्पू नेताम, संतोष नेताम, महेश नेताम, फूलसिंह सोरी, इंदू सोरी, रामदुलारी नेताम, फूलवती नेताम, भावदई कौशिक सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 मई को

**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह की अध्यक्षता में संभाग में विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों के संबंध में संभागीय स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 मई को मध्यान्ह 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

### बस्तर पर्यावरण उप समिति का गठन कल

**जगदलपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्र के साथ-साथ पर्यावरण के क्षेत्र में भी कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बस्तर की पर्यावरण उप समिति का गठन जगदलपुर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय के सभागार में सोमवार 19 मई को संध्या 5 किया जाएगा। पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं रुचि लेने वाले इस कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। पदाधिकारी के रूप में सम्मिलित होने के लिए इसका आजीवन सदस्य एवं बस्तर जिले का नागरिक होना अनिवार्य है। सदस्यता शुल्क आजीवन सदस्य के रूप में 1000 है। जो पूर्व में सदस्य बन चुके हैं वे इसके पात्र हैं इसके अलावा नए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को भी अपनी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

## बीजापुर जिले के ऐसे गांव में बिजली नहीं, चिमनी युग में सैकड़ों ग्रामीण

# दुर्गम क्षेत्र के 15 गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में गुजार रहे जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के ऐसे 15 गांव जहां पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने से अब तक बिजली नहीं पहुंची। यही कारण है कि ऐसे गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में जिंदगी गुजार रहे हैं।

गांव के ग्रामीणों ने कहा कि गांव में बिजली पहुंचने पर अंधेरे से आजादी मिलेगी। वहीं दूसरी ओर विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना के तहत उक्त

■ सड़क नहीं होने से गांव तक ट्रांसफार्मर, पोल व उपकरण पहुंचना मुश्किल हो रहा

गांवों में विद्युतीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, पर सड़क नहीं होने से गांव तक ट्रांसफार्मर, पोल आदि अन्य उपकरण पहुंच पा रहा है। बिजली न होने के कारण इन गांवों में जीवनशैली भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोग अंधेरे में रहने और बिजली के अभाव में अपने दैनिक कार्य करने में सक्षम नहीं हैं।

बीजापुर जिले के दुर्गम क्षेत्र के मेटागुड़ा, आउटपल्ली, लेन्द्री, एर्रापल्ली, कस्तूरपाल, पडरी, पीडिया, कांचल, रिरेनार आदि लगभग 15 गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में गुजर-बसर करने मजबूर हैं। अब इन गांवों में विद्युत कंपनी नियद नेल्लानार योजना के तहत रोशनी पहुंचाने का प्रयास कर रहा है, ऐसे गांव तक जाने के लिए सड़क नहीं होने से बिजली पहुंचना मुश्किल हो रहा है। हालांकि कुछ गांवों में सोलर लाइट की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, लेकिन आधी से ज्यादा आबादी आज भी अंधेरे में डूबी हुई है। बिजली नहीं होने की वजह से इन गावों के सैकड़ों की आबादी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बिजली आएगी तो अंधेरे से मिलेगी आजादी

ग्रामीणों को जब पता चला कि उनके गांव तक जल्द ही बिजली पहुंचेगी तो उनमें काफी खुशी देखने को मिली। ग्राम रिरेनार निवासी संगीता, बुधरु, मालती सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने की वजह से हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रात के समय बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। लेकिन अब बिजली पहुंचने की खबर मिली है, गांवों में बिजली आएगी तो हमें अंधेरे से आजादी मिलेगी।

### सड़क होने से पहुंचेगी बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि बीजापुर जिले ऐसे गांव हैं जहां जाने के लिए सड़क नहीं है, जिससे बिजली के उपकरण पहुंचना मुश्किल हो रहा है। सड़क बनने से नियद नेल्लानार योजना से गांव तक बिजली पहुंचाया जाएगा।

## नेगानार, चिंगपाल, छिंदबहार और केशापुर पंचायत में निकाली गई तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

ऑपरेशन शिंदूर के सफलता के पश्चात गांव-गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं का यशगान छाह गया है। जगह-जगह पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमें क्या बच्चे और क्या बूढ़े नवजवानों सहित महिलाए जोशो करसो के साथ भाग ले रहें है।

इस सिलसिले में जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप (पीडी) भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल फूलसिंह सेठिया, मुन्नू सिंह भूपेंद्र बघेल के नेतृत्व मे नेगानार, चिंगपाल, छिंदबहार और केशापुर मे तिरंगा यात्रा निकाली गई, यात्रा मे जंहा लगातार भारत माता की जय घोस लग रहा था वंही नवजवानो ने फटाखा फोड़ कर माहौल को गरमा दिया। चिंगपाल चौक मे जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने भीड़ को सम्बोधित किया और ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डाला जंहा लोंगो ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को पहचाना। सम्बोधन के दौरान बताया गया की किस तरह से भारतीय मिसाइल ब्रह्ममोस ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया।

इस दौरान अमेरिका रक्षा विषेसज्ञय माइकल के विश्लेषण को कोट किया गया जंहा उन्होंने कहा है की पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह भाग रहा था जिसे सुनकर लोंगो मे हंसी का फवारा फुट पड़ा इस दौरान उपस्थित लोंगो ने संकल्प लिया की वे संकट कॉल मे देश के साथ खडे है।

इस तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मे सरपंच जयराम बघेल, नीलू राम मौर्य, सोनधर बघेल मंगल कश्यप,मोती राम, बुधराम कश्यप, पतिराम कोडपी,मूलचंद सेठिया, रामधर कश्यप एवं मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहें।

# आवारा गौवंश के लिए जन सहयोग से की जा रही दाना पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भीषण गर्मी को देखते हुए आवारा गौ वंश के दाना पानी की व्यवस्था को लेकर गो पालक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा की गीदम नगर के सामाजिक संगठनों से की गई मार्मिक अपील पर गीदम के लोगों ने उत्सुकता दिखाते हुए घुमंतू पशुओं के भोजन की व्यवस्था में जन सहयोग के रूप में हाथ बटाने लगे है। जन सहयोग को लेकर गीदम नगर पंचायत के अध्यक्ष रजनीश सुराना ने नगर के व्यापारी बंधुओं के साथ पुराने बस स्टैंड में भारी संख्या में गौ वंश को स्वयं पशु आहार वितरित करते हुए भर पेट भोजन भी कराया।

गौरतलब है कि वर्तमान में घुमंतु पशुओं के भोजन के लिए हरा चारा नहीं होने के चलते गौ वंश का पेट भरना दुर्लभ हो गया है। भूख के चलते उनकी अपनी मजबूरी है कि प्लास्टिक का सेवन कर पेट की ज्वाला को मिटाना। प्लास्टिक गौ वंश के लिए जान लेवा साबित हो रहा है। ऐसे में गीदम नगर के संभ्रांत नागरिकों के बीच एक गौ सेवक के द्वारा की गई मार्मिक अपील के चलते दयालु गौ भक्त लगातार भोजन की व्यवस्था में लगे है।

नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष सुराना ने आज इस पुनित कार्य में हाथ बटाते हुए गौ सेवा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गौ सेवकों तथा सामाजिक सहयोग से पिछले 10 दिनों से गौ वंश के भोजन की व्यवस्था की जा रही है । ये सच है की वर्तमान में गौ वंश के सामने जिले के सभी स्थानों पर पेट भरने की जटिल समस्या है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है की गौ माता की सेवा में अपना हाथ बटाए।

वर्तमान में कही भी चरने को घास नहीं है ऐसे में जुन माह तक जन सहयोग से गौ वंश के भोजन की व्यवस्था का सिलसिला चलाया जाना अनिवार्य है। इस दिशा में हमसे जो भी सहयोग नगर प्रशासन के माध्यम से होगा हम पूरा सहयोग करेंगे। जिससे कि और भी अच्छे से गौ माता की सेवा की जा सके। उन्होंने कहा की गो सेवा हमारा धर्म है ऐसे में इस नेक काम में लगे हमारे नगर के प्रतिष्ठित शांति लाल बुरड़, शिव कुमार गुप्ता, मनोज सुराना, दिलीप, मनोज डागा,भंसाली जी, जेठमल बुरड़, गोलछा जी जैसे जागरूक समाज सेवी व जैन समाज, ब्राह्मण समाज, गुप्ता समाज, जैसे तमाम सामाजिक संगठन तथा गौ पालक संघ के पदाधिकारी आर्थिक सहयोग के साथ पूरा समय देकर गौ सेवा निस्वार्थ भाव के साथ लगे है। नगर में गौ माता के प्रति निष्ठा भाव से की जा रही सेवा के लिए वो सभी बधाई के पात्र है। इस नेक कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है। गीदम में जन सहयोग से की जा रही गौ सेवा को देखते हुए हमारे जिले के अन्य शहरो को भी निश्चित रूप से इससे प्रेरणा मिलेगी। मुझे विश्वास है की उन नगरों में भी जन सहयोग से गौ वंश को पर्याप्त भोजन की व्यवस्था के लिए स्थानीय व्यापारी सामाजिक संगठन आगे आयेगे। उन्होंने आगे कहा की गौ माता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है जिसमें सभी को हाथ आगे आकर हाथ बटाना चाहिए।

## शिविर में 587 आवेदन में 503 का हुआ निराकरण



**बस्तर।** 17 मई को सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित संस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार वार्ड क्रमांक 8,9,11, 14 एवं 15 में प्राप्त आवेदन के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में कुल आवेदन 587 प्राप्त हुए। जिसमें 503 आवेदन का निराकरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे,पार्षद आसावती बघेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उदबोराम नाग, रामानंद मिश्रा एवं सीएमओ तरुण पाल लहरे, उप अभियंता रोहित नाग, सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

# बसों-ट्रकों से हटाई गईं तेज रोशनी वाले लाइट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों, ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। इस कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माना लगाया गया, जिनमें 5000 का चालान किया गया। आवश्यकतानुसार दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। साथ ही, वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स 20 हज़ार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया। यातायात विभाग की इस कार्रवाई ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना और दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स से होने वाली दुर्घटनाओं और परेशानियों को कम करने के लिए यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए एक मिसाल बन सकती है। यदि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा सुरक्षित व सुगम होगी।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

# 3466 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मांग के अनुरूप पुरे छत्तीसगढ़ मे मनाये जा रहें सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय दरभा मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 13 ग्राम पंचायत के लिए लगाया गया था।जिसमे ग्रामीणों की समस्याओं का टाबरी समाधान और शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहें। उनके साथ जनपद अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, जिला पंचायत सदस्य एवं एसडीएम, तहसीलदार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी बीरेंद्र बहादुर एवं ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। अतिथियों ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलो का अवलोकन किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत माँदंतेश्वरी की पूजा से हुई। जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने अपने संबोधन में कहा, यशवीर शासन की संवेदनशीलता और जवाब देही का प्रतीक है जो ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुलझाने का कार्य कर रहा है उन्होंने लोगों से सौर सूजला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीरेंद्र बहादुर ने बताया कि इस शिविर मे कुल 3513आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 3466आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने आवास योजना, बच्चों के आधार निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जैसी पहलुओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

# लाल चर्च में चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वर्तमान समय में होने वाले सायबर फ्रॉड व नशे के चलते होने वाली घटनाओं व यातायात नियमों की जानकारी देने शुक्रवार को स्थानीय लाल चर्च परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस दौरान मौजूद सैकड़ों स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए होने वाली सड़क

■ लाईव विडियो दिखाकर छात्र-छात्राओं को दुर्घटनाओं से बचने दी गई टिप्स

दुर्घटनाओं के लाईव विडियो दिखाया गया और होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए गए।

गौरतलब है कि एसपी शलभ सिन्हा के मार्ग दर्शन व एएसपी महेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अंतर्गत यातायात जागरूकता तथा साइबर फ्राड एवं नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम पूरे जिले में चलाया जा रहा है। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं आयोजक गण बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन व यातायात एएसआई राजकुमार आडिल द्वारा जिले में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के लाइव वीडियो दिखाकर घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करने से इन दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के उमेश साहू जिला सलाहकार नशा मुक्ति एवं तम्बाकू नियंत्रण द्वारा नशामुक्ति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राएं, शिक्षक तथा आयोजकों द्वारा ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा, सायबर फ्राड, नशा मुक्ति एवं यातायात से संबंधी बातें को सुना गया तथा सड़क दुर्घटना के संबंधित पूर्व के वीडियो को देख हमेशा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली गई। सभी ने भविष्य में ट्रैफिक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करने की बात कही गई। मसीही समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने यातायात विभाग का शुक्रिया अदा किया।



# सांवरा में मना राष्ट्रीय डेंगू दिवस, निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी बकावंड के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस प्रति वर्ष की भांति मनाया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र सांवरा सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डेंगू के फैलने के कारण लक्षण एवं डेंगू से बचने के उपाय बताया गया एवं लोगों में जन जागरुकता लाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। घर के आसपास साफ सफाई एवं जमा पानी में मिट्टी का तेल एवं जला हुआ आईल डालने हेतु प्रेरित किया। रात को सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोने के लिए बताया गया। वही उप स्वास्थ्य केन्द सांवरा में जमा पानी में मिट्टी का तेल डालकर डेंगू के लार्वा को नष्ट किया गया। एएनएम ममता मौर्य द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें मितानिन सहित ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते, लवकुमार नागेश, प्रकाश जोशी, देवकी मौर्य, रागिनी मसीह, विनय साहू, तन्मय घोष, हिमांशु देवांगन, कुमारी ठाकुर, रोमन कर्मा, संतोषी कश्यप, सागर, लुप्तेश्वर पानीग्रही उपस्थित हुए।

# नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




सुशासन तिहार अंतर्गत आज जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत नागुलगुंडा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, विश्वराज चौहान, एसडीएम शबाब ख़ान शामिल हुए। आयोग की सदस्य सुश्री सोरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुसार जनसामान्य की समस्याओं का समाधान शिविर में किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजना महतारी वंदन योजना, कृषक सम्मान निधि, राशन कार्ड, जन जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना से जनसामान्य लाभान्वित हो रहे है। इस दौरान एसडीएम शबाब ख़ान जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना।

■ ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया

उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनमानस से स्टाल का अवलोकन करने तथा अधिक से अधिक शासन की योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले की उपस्थिति में नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई रस्म अदा की। शिविर में ग्राम पंचायत नागुलगुण्डा, मेड़वाही, टेटराई, आरगट्टा और मनीकोंटा के ग्रामीणों से प्राप्त मांगों एवं शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

समाधान शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी अधिकारियों द्वारा वाचन कर दिया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने आधार कार्ड बनवाया तथा आधार अपडेशन भी करवाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष दोरनापाल श्रीमती राधा नायक, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# छिंदनार बना स्वच्छता का मॉडल गांव यूनिसेफ ने की डॉक्यूमेंट्री शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड के दूरस्थ ग्राम पंचायत छिंदनार में स्वच्छता की दिशा में हो रहे नवाचार अब राष्ट्रीय पहचान की ओर अग्रसर हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में यूनिसेफ इंडिया की टीम दिल्ली से छिंदनार पहुँची, जहाँ गांव की स्वच्छता पहल पर एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग की गई। इंद्रावती नदी के किनारे बसे इस आदिवासी ग्राम ने स्वच्छता में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए खुद को एक मॉडल ग्राम के रूप में स्थापित करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। ग्राम सरपंच संध्या शुक्ला, पंचायत सचिव गोदरू राम इस्ताम और ग्राम वासियों के सामूहिक प्रयासों से गांव में नियमित कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, नालियों का निर्माण और हैंडपंपों के पास सोक पिट जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। पंचायत भवन के पास कबाड़ से तैयार किया गया स्वच्छता गार्डन इस पहल का विशेष आकर्षण है, जहाँ विभिन्न सरकारी योजनाओं को रचनात्मक मॉडल के रूप में दर्शाया गया है। यह न केवल ग्रामीणों की कल्पनाशीलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाता है। गांव में नाडेप विधि से जैविक खाद निर्माण एवं कचरा प्रबंधन की स्थानीय प्रणाली भी पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान दे रही है।

## खबर संक्षेप

### मानस 91 प्रतिशत पाकर रहे अव्वल



**जगदलपुर।** विद्याज्योति स्कूल में कक्षा 10 वी अध्यनरत मानस सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंको के साथ मेरिट में स्थान पाया है। माता रेणु और पिता बसन्त जोशी का यह होनहार पुत्र प्रारंभ से ही मेधावी रहा है। 11 वी गणित संकाय लेकर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करने का मन बनाया है। स्कूली शिक्षा में शुरू से पढ़ाई में अव्वल लाने वाले मानस कभी ट्यूशन का सहारा नही लिया। उनके इस उपलब्धि पर परिजन,नाते-रिश्तेदार में खुशी की लहर है।

### विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल के छात्रों ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं) में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि कुछ विषयों में 100 फीसदी परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय की गुणवत्ता को सिद्ध किया है। कक्षा 12 वीं में कॉमर्स संकाय की छात्रा मंतशा परवीन ने 78 फीसदी अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में गगन कुशवाहा ने 60.2 फीसदी अंक हासिल किए। कक्षा 10 वीं में अनुराधा सिंह ने 80.2 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया। विशेष बात यह रही कि कक्षा 12 वीं के गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, अंग्रेजी एवं हिंदी जैसे प्रमुख विषयों में 100 फीसदी परिणाम प्राप्त हुआ है, जो विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार ने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का आधार बताया गया है।

### संयुक्त संचालक ने किया समर कैंप का निरीक्षण



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा स्थित पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संचालित समर कैंप का शनिवार को शिक्षा विभाग जगदलपुर के संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य, संकुल समन्वयक किरण मुखर्जी एवं विद्यालय के शिक्षक शामिल रहे। मेगा समर कैंप में बच्चों को विविध कलाओं एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सत्र में विद्यार्थियों ने स्टोरी टेलिंग, क्राफ्ट निर्माण तथा गत्ते से मॉडल बनाना सीखा। साथ ही प्रशिक्षक श्रीमती उर्मिला ठाकुर द्वारा ओरिगेमी कला के अंतर्गत बच्चों को विभिन्न प्रकार की टोपियां बनाना सिखाया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक नाश्ता प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा आयोजित यह समर कैंप में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखर रही है तथा नई-नई कलाओं से परिचित हो रहे है।

### गीदम में तिरंगा यात्रा निकाली गई

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शामिल हुए सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राज्य के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित जिले व नगर के जनप्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगा हाथों में लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में लोगों को जागरूक करना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई को लेकर लोगों में भारी उत्साह और समर्थन देखा गया। यात्रा में शामिल लोगों ने तिरंगा हाथों में लेकर और देशभक्ति के नारे लगाकर अपने देश के प्रति समर्थन और एकजुटता दिखाई। इस दौरान लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया और ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में एकजुटता दिखाई। इस यात्रा के माध्यम से लोगों ने देश की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**सफल आयोजन**
तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर पंचायत गीदम के तत्वाधान में सफलतापूर्वक किया गया। यात्रा के अंत में लोगों ने देश की सलामती और समृद्धि की कामना की और ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की शौर्यगाथा है : दिनेश

### ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में भानपुरी में निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

गौरवशाली 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में आज भानपुरी नगर में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जहां नेशनल हाइवे स्थित संतोषी माता मंदिर से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर भानपुरी नगर के विभिन्न वार्डों से गुजरी। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत इस तिरंगा रैली ने नगरवासियों के दिलों में नया जोश और गर्व भर दिया।

सैकड़ों की संख्या में नगरवासी - युवा, महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठजन हाथों में तिरंगा थामे, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ नगर की सड़कों पर उतरे। यह आयोजन 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान के समर्थन में किया गया था। रैली का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की शौर्यगाथा है, और यह रैली राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा और सम्मान की अभिव्यक्ति है। भानपुरी नगर में पहली बार किसी राष्ट्रवादी अभियान को लेकर इतना भव्य आयोजन देखने को मिला। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया और भारतीय सेना के समर्थन में अपनी एकजुटता दर्शायी। इस ऐतिहासिक आयोजन ने भानपुरी नगर को देशभक्ति की ऊर्जा से सराबोर कर दिया। वहीं यह रैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनेगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिप अध्यक्ष वेदवती कश्यप, निर्देश दीवान, रूपसिंग मंडावी,सन्तोष बघेल, प्रवीण सांखला, खितेश मौर्य, जमुना ठाकुर शशि भारती,भूषण गुप्ता सहित भारी संख्या में नगरवासी भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज : बचेली



ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए बचेली में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

इस यात्रा की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, एवं उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चंदानी और जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य नगर पालिका कार्यलय से भारत माता, और शहिद जवानों को पुष्प अर्पित कर और तिरंगा लहरा कर की। जिसमे सैकड़ो की संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया। इस रैली में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाए, युवा महिला और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस रैली में जनप्रतिनिधियों ने कहा यह सिर्फ रैली नहीं बल्की देश के गौरव, बलिदान और आत्मसम्मान का प्रतीक हैं। अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा हैं, ऑपरेशन सिन्दूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं,बल्की भारत की नारीशक्ति की रक्षा और सम्मान बताया।

रैली का समापन नगर भ्रमण के पश्चात हुआ। रैली में गुड्डा साव, सलीम रजा उस्मानी, सुनील गाईन, झिलकी बाई, हरीश शर्मा, बीना साहू, मोना सरकार की गरिमामयी उपस्थिती रही।

# पेयजल संकट पर विधायक की त्वरित पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद को तरसते पीकडसोडा और चालानगुड़ा के ग्रामीणों को जल्द राहत मिलने वाली है। ड्राई जोन घोषित इन क्षेत्रों में उत्पन्न पेयजल संकट की सूचना मिलते ही बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शनिवार को संवेदनशीलता दिखाते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायज़ा लिया।

विधायक लखेश्वर बघेल पीएचई विभाग अधिकारी के साथ-साथ पानी चेक करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ स्वम घूम घूम कर हैंडपंप खनन करने जगह को देखें पानी चेक करने वाले व्यक्तियों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अगर आपके द्वारा पानी निकला तो आपको सम्मानित किया जाएगा। जल संकट की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने नई कार्य योजना बनाने की घोषणा की।

**ग्रामीणों की आवाज बनी सरपंच**

ग्राम पंचायत भादुगुड़ा की सरपंच श्रीमती जानकी कोर्राम एवं वार्ड वासियों ने विधायक को जानकारी दी कि पीकडसोडा के 36 घर और चालानगुड़ा के 25 घर में रह रहे लगभग 150-200 ग्रामीण पानी के लिए कुआ लगभग 1 से 1.5 किमी दूर पगडंडी सड़क पर पैदल जाते हैं। नाहने एव कपड़ा धोने के लिए काफी मसगत करके पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाएं विधायक को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि जब से मोहल्ला का बसावट हुई है सबसे पानी पेयजल की समस्या भीषण गर्मी के समय काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। जलस्तर जांच कर नए बोरवेल प्रस्तावित किये जायेंगे, ड्राई जोन के लिए विशेष जल योजना, टंकी व पाइपलाइन विस्तार का विस्तार किया जाएगा।

**ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार**

क्षेत्रीय जनता ने विधायक की त्वरित पहल की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि आने वाले समय में उन्हें इस संकट से स्थायी निजात मिलेगी। इस दौरान मौजूद रहे मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, रुपसाय कोर्राम, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, पूरन कश्यप, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उत्कल समाज क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को किया गया जर्सी प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बड़े ही सम्मान के साथ आप सभी से जानकारी साझा की जा रही है कि रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा सामाजिक एकता कप 2025 का आयोजन 23 मई से गांधी(हाता) मैदान में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हमारे उत्कल समाज की क्रिकेट टीम उत्कल 11 के रूप में भाग ले रही है।

शनिवार को उत्कल भवन में समाज के अध्यक्ष राजेश दास, सचिव सुमित महापात्र, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, सांस्कृतिक व खेल सचिव मनीष श्रीवास्तव, कार्यालय सचिव अच्युत सामंत व अन्य पदाधिकारियो समेत समाज के वरिष्ठ सदस्य बामदेव मिश्रा और अनिल सामन्त के हाथों समाज के क्रिकेट खिलाड़ियों को आयोजित कार्यक्रम में जर्सी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाज के स्पांसर मनीष मिश्रा,रितेश दास पट्टजोशी, विघ्नराज मिश्रा, रितेश पाढ़ी, आसिष दास और दीपक मिश्रा का सम्मान किया गया। समाज अध्यक्ष राजेश दास व सचिव सुमित महापात्र बे बताया इस महत्वपूर्ण स्पर्धा में भाग लेने के लिए समाज के 30 युवा खिलाड़ी विगत 20 दिनों से पीजी कॉलेज ग्राउंड धरमपुरा में नियमित अभ्यास कर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी प्रतिभा से परिपूर्ण हैं इसके चलते टीम का चयन करना वास्तव में कठिन कार्य रहा। किन्तु क्रिकेट प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार केवल 16 सदस्यों की टीम चयन करना है। दोनों पदाधिकारियो ने कहा सभी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और खेल भावना को ध्यान में रखते हुए जर्सी वितरण एवं जर्सी ओपन का आयोजन आज किया गया। इस दौरान समाज के युवा आसिष सामंत,अंकित सामंत, आशीष दास, आशीष श्रीवास्तव पवन मिश्रा, दीपक दास एवं अनिल दास एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# जनता दरबार में एकजुट हुए मसीही समाज के नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर मसीह समाज के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के द्वारा संयुक्त रूप से संगठित होकर बस्तर में मसीह समाज के अनुयायियों के मौलिक अधिकारों के हनन, कब्रिस्तान की मांग, अत्याचार, कफन दफन पर रोक जैसी तमाम और अमानवीय

- **समस्याओं के समाधान के लिए बनी रणनीति**

घटनाओं के विरुद्ध चिंता व्यक्त करते हुए, वर्तमान परिदृश्य में बस्तर मसीह समाज का भविष्य जैसे विषयों पर परिचर्चा का आयोजन जनता दरबार कार्यालय में संपन्न हुआ। परिचर्चा में राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के पदाधिकारीयों सहित बस्तर संभाग के विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दल के सामाजिक नेता मौजूद रहे। भविष्य में बस्तर संभाग में समाज की सबसे बड़ी समस्या कब्रिस्तान की मांग एवं संवैधानिक मौलिक अधिकारों का संरक्षण शहर से ग्राम पंचायत स्तर तक समाज को कैसे प्राप्त हो इस विषय पर गहन चर्चा हुआ वहीं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति भी बनाई गई । इस विषय में आयोजन समूह के नेता नवनीत चाँद, सेमियल नाथ ने बताया की यह प्रथम भाग के रूप में परिचर्चा का आयोजन किया गया है इसके पश्चात आगामी दिनों में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक बैठकों का आयोजन कर समाज की समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा की जावेगी!

बैठक मे बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोजवीन दास, कांग्रेस पार्षद सूर्या पानी, पार्षद जोस्टीन भवानी, बस्तर मुक्ति मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फेलोशिप के अध्यक्ष रेवरेंट ममनोज बाघ, इंटर डिनॉमिनेशन यूथ फैलोशिप के अध्यक्ष अनिमेष दास, मुक्ति मोर्चा के यूथ फैलोशिप के अध्यक्ष हिमांशु आनंद, मुक्ति मोर्चा के संभागीय सचिव, जेवियर जॉन, के आकाश जॉन, दलसाय नाग, भोला शंकर बघेल, अब्राहम एवं राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के पदाधिकारी अथवा मसीह समाज के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे!

# युक्तियुक्तकरण नियम पर पुनर्विचार के लिए वित्त मंत्री से सर्व शैक्षिक संगठन ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला सर्व शैक्षिक संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंट कर स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहे युक्तयुक्तकरण के नियमों पर पुनर्विचार करने के लिए मांगपत्र सौपा। इस संदर्भ में 8 माह पहले विसंगतियों को अवगत कराया गया था, जिससे विसंगतियां दूर करने के लिए इस प्रक्रिया को रोक दी गई थी। किन्तु इसे जस का तस पुनः पालन करवाया जा रहा है, मांग पत्र में युक्तियुक्तकरण के पूर्व सभी शैक्षिक पदों पर पदोन्नति किया जाना,राज्य शासन के 2008 के सेटअप के अनुसार माध्यमिक शाला में न्यूनतम छात्र संख्या पर 1 प्रधान पाठक एवं 4 शिक्षक पदस्थ किया जाना। इसी नियम से शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नति की गई है। युक्तियुक्तकरण में एक पद समाप्त किया जाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लंघन है। इस अवसर पर पदाधिकारी अजय श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, अखिलेश त्रिपाठी, गणेश्वर नायक, मनीष ठाकुर, एसएस जॉनसतपाल शर्मा उपस्थित रहे।

# बच्चों को कला, शिल्प, योग, नृत्य, संगीत वीडियोग्राफी, ब्यूटी पार्लर का मिलेगा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में 15 से 25 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह एवं उपप्राचार्य वृषभान खांडेकर ने दीप प्रज्वलन कर समर कैंप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों की सहभागिता रही। समर कैंप का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल का विकास करना है। शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे कला एवं शिल्प, योग, नृत्य, संगीत, वीडियोग्राफी, ब्यूटी पार्लर तथा खेलों का समावेश किया गया है। शिविर का उद्घाटन सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह के साथ हुआ। जिससे आगामी गतिविधियों के लिए प्रेरणादाई वातावरण निर्मित और तैयार हो सके। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है। इस कैंप में छात्रों को खेल, कला, संगीत और अन्य गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा। विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी छात्रों को समर कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।








